
**जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बॉदा की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनॉक 11.06.2025 को सर्किट हाऊस सभागार, बॉदा में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत दिनॉक 11.06.2025 को जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति बॉदा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहुत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1- श्री नीरज कुमार, डी0ओ0एन0ई0आर0 (नोडल अधिकारी), भारत सरकार।
2- श्री सुभाष कुमार, एन0जे0जे0एम0 एक्सपर्ट, भारत सरकार।
3- पदमश्री श्री उमाशंकर पाण्डेय, पदेन सदस्य, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, बॉदा।
4- श्री राकेश कुमार, मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।
5- श्री मदन मोहन वर्मा, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बॉदा।
6- श्री अजय कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी, बॉदा।
7- जिला विकास अधिकारी, बॉदा।
8- जिला कृषि अधिकारी, बॉदा।
9- जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बॉदा।
10- अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर/भूगर्भ जल विभाग, बॉदा।
11- अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग, बॉदा।
12- प्रभागीय वनाधिकारी, बॉदा।
13- मो0 इमरान, अधिशासी अभियन्ता, सचिव जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति/जल निगम (ग्रामीण), बॉदा।
14- श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0) जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
15- श्री सनद नायक, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0 लि0, बॉदा।
16- श्री विनय बालियान, प्रोजेक्ट मैनेजर, एल0एण्ड0टी0 लि0, बॉदा।
17- श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, टीम लीडर, सेन्सिस टेक प्रा0लि0, बॉदा।



उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉदा द्वारा भारत सरकार से नामित नोडल अधिकारी श्री नीरज कुमार एवं बैठक में उपस्थित सदस्यगणों को जनपद बॉदा में संचालित अमलीकौर/खटान ग्राम समूह पेयजल योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। दिनॉक 08.06.2025 से दिनॉक 10.06.2025 तक नोडल अधिकारी श्री नीरज कुमार जी द्वारा उक्त दोनो पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण में पायी गयी प्रगति से जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को परिचय के उपरान्त विस्तृत रूप से अवगत कराया गया है। योजनावार प्रगति विवरण निम्नवत् है :–

(1) **अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना** :– अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 106 एम0एल0डी0 इन्टेकवेल एवं 106 एम0एल0डी0 डब्ल्यू0टी0पी0 का निरीक्षण किया गया, जिसमें समस्त संरचनाए एवं पम्प तथा स्काडा सिस्टम कियाशील पाये गये। अमलीकौर, सहूरपुर तथा सोनरही सी0डब्ल्यू0आर0 अपनी पूर्ण क्षमता पर संचालित पाये गये तथा लॉगबुक के निरीक्षण में कोई भी कमी नही प्रदर्शित हुयी। योजना से लाभान्वित ग्राम सहूरपुर, नरी, अदरी, जलालपुर, सोनरही, पडुई तथा माधवपुर का निरीक्षण कर अन्तिम घरों तक पेयजलापूर्ति की जॉच में पेयजलापूर्ति संचालित पायी गयी एवं ग्रामवासियों से वार्ता में भी सुचारू पेयजलापूर्ति की स्थिति परिलक्षित हुयी है। अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर योजना को दिनॉक 03.03.2025 से कार्यदायी संस्था मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा 10 वर्षीय संचालन एवं अनुरक्षण की कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। योजना में पेयजलापूर्ति की स्थिति पर दोनो नोडल अधिकारियों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गयी है एवं जिलाधिकारी महोदया, बॉदा से योजना के विभिन्न संरचाओं के कैम्पस में वर्षा जल संचयन की संरचना बनाये जाने के निर्देश दिये गये है।

(2) **खटान ग्राम समूह पेयजल योजना** :– खटान ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत 158 एम0एल0डी0 इन्टेकवेल एवं 158 एम0एल0डी0 डब्ल्यू0टी0पी0 का निरीक्षण किया गया, जिसमें समस्त संरचनाए एवं पम्प तथा स्काडा सिस्टम कियाशील पाये गये। योजना से लाभान्वित ग्राम मझीवासानी व कटरा कालींजर का निरीक्षण कर अन्तिम घरों तक पेयजलापूर्ति की जॉच में पेयजलापूर्ति संचालित पायी गयी एवं ग्रामवासियों से वार्ता में भी सुचारू पेयजलापूर्ति की स्थिति परिलक्षित हुयी है। खटान ग्राम समूह पेयजल योजना वर्तमान में ट्रायल एण्ड रन पीरिएड में संचालित है। नोडल अधिकारी महोदय द्वारा खटान ग्राम समूह पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण करने हेतु बैठक में उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर श्री विनय बालियान को समस्त कार्य माह अगस्त, 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी महोदया, बॉदा द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉदा को जल जीवन मिशन के व्यापक प्रचार–प्रसार करने, अन्तिम घरो तक पेयजलापूर्ति शीघ्र–अतिशीघ्र कराये जाने, जल जॉच की गुणवत्ता बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

12/06/2025

(मदन मोहन वर्मा) 12.6.25
अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे),
बॉदा

(मो0 इमरान)
अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
बॉदा

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉदा।**

पत्रॉक :– 568 / W-12 / 03 दिनॉक :– 12-06-2025

**पृ0सं0 एवं दिनाँक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेशित।**

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।
2. जिलाधिकारी महोदया, अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, बॉदा।
3. मुख्य विकास अधिकारी, बॉदा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बॉदा।
5. टीम लीडर, सेन्सिस टेक प्रा0लि0, बॉदा।
6. मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।
7. मैसर्स एल0एण्ड0टी0 लि0, चेन्नई।

12/06/2025

अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
बॉदा